यूपी में बेचा जा रहा नकली आलू, केमिकल मिलाकर इस रंग का बनाया जा रहा; 500 क्विंतल आलू जब्त



**जागरण संवाददाता, गोरखपुर**। खाद्य सुरक्षा विभाग ने रविवार को नवीन महेवा मंडी छापा मारा। दो ट्रक रंगीन आलू जब्त किया गया। दोनों ट्रकों पर 500 क्विंटल से अधिक लाल आलू लदा था, जो तमिलनाडु के वेल्लौर और उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद से मंगाया गया था।

प्रथम दृष्टया जांच में आलू में केमिकल मिला पाया गया। टीम ने नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला में भेज दिया है। रिपोर्ट आने तक आलू सीज रहेगा। केमिकल मिलाने की पुष्टि हुई तो आलू को नष्ट करा दिया जाएगा।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा डा. सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में जब टीम महेवा मंडी पहुंची तो हड़कंप मच गया। ट्रक छोड़कर ड्राइवर व व्यापारी भाग गए। डा. सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि कानपुर, उन्नाव, बाराबंकी व कन्नौज के कोल्ड स्टोरेज से भी यह आलू गोरखपुर की मंडी में आ रहा है।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/gorakhpur-city-gorakhpur-news-colored-potatoes-seized-in-mahewa-mandi-raid-24063631.html